सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 140 | इंदौर, गुरुवार 04 दिसंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## मध्य प्रदेश में चार नए मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन

**केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा शामिल होंगे**



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश में चार नए मेडिकल कॉलेजों का भूमिपूजन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष को आमंत्रित किया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि नए मेडिकल कॉलेजों का भूमिपूजन दिसंबर के अंतिम सप्ताह में होगा। ये मेडिकल कॉलेज पीपीपी मॉडल (सार्वजनिक-निजी भागीदारी) के तहत स्थापित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश राज्य तेजी से विभिन्न क्षेत्रों में विकास कर रहा है और नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना इसके स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ते कदम को दर्शाती है। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का प्रदेश में स्वागत करते हुए उनका अभिनंदन किया। इन चार नए मेडिकल कॉलेजों के बनने से न केवल उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा, बल्कि युवाओं को आधुनिक चिकित्सा शिक्षा के अवसर भी मिलेंगे। बता दें पन्ना, बैतूल, कटनी और धार में नए मेडिकल कॉलेजों का भूमिपूजन किया जाएगा।

## US: विदेश मंत्री रुबियो बोले- अधिक क्षेत्रों पर नियंत्रण चाहता है इस्लामी कट्टरपंथ, अमेरिका के लिए तत्काल खतरा

**भोपाल के बड़ा तालाब में तैरेंगे डल झील वाले शिकारे**

# सीएम मोहन यादव ने दिखाई हरी झंडी, अब आम लोग लुत्फ उठा सकेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल, एजेंसी। भोपाल के बड़ा तालाब में आज से 20 शिकारा तैरेंगे। ये श्रीनगर की डल झील जैसे होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हरी झंडी दिखाई। अब आम लोग शिकारे का लुत्फ उठा सकेंगे।

बोट क्लब पर हुए कार्यक्रम में सीएम डॉ. यादव के साथ विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र लोधी शामिल हुए। कार्यक्रम में बीजेपी और कांग्रेस दोनों दलों के विधायकों को बुलाया गया।

इससे पहले नगर निगम ने 13 जून-24 में प्रायोगिक तौर पर एक शिकारा चलाया था। इसके बाद अब एकसाथ 20 शिकारे बड़ा तालाब में उतारे गए।



**क्या होता है शिकारा?**

शिकारा एक प्रकार की लकड़ी की नाव है, जो डल झील समेत अन्य झीलों में पाई जाती है। शिकारे अलग-अलग आकार के होते हैं और लोगों के परिवहन सहित कई उद्देश्यों के लिए उपयोग किए जाते हैं। एक सामान्य शिकारा आधा दर्जन लोगों को बैठाता है। जिसमें चालक पीछे की तरफ से ये शिकारा चलाता है। डल झील में पर्यटकों की पहली पसंद होता है। इन्हें आकर्षक तरीके से सजाया जाता है।

बता दें कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (NGT) ने करीब 10 महीने, 12 सितंबर को क्रूज और मोटर बोट पर रोक लगा दी थी। इसके बाद सामान्य बोट ही चलाई जा रही है।

### किराया करीब 150 रुपए हो सकता है

नगर निगम ने पिछले साल स्थानीय रजिस्टर्ड मछुआरे से एक शिकारा तैयार कराया था। नाव को शिकारे की तर्ज पर सजाया गया था। इस प्रयोग के बाद अब 20 शिकारे एक साथ बड़ा तालाब में उतारे गए। जानकारी के अनुसार, शिकारे में सुबह 7 से शाम 7 बजे तक चलाए जाएंगे। प्रति व्यक्ति किराया करीब 150 रुपए होगा। वहीं, यह 2.3 किलोमीटर का राउंड लगाएगा। ऐसे में यह बीच में स्थित टापू के करीब भी पहुंचेगा। हालांकि, अभी किराया तय नहीं हुआ है।

# ऐतिहासिक दौरे पर आज भारत आ रहे हैं व्लादिमीर पुतिन, एजेंडे में क्या-क्या?

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारत और रूस की साझेदारी को और मजबूत करने के उद्देश्य से रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ऐतिहासिक दौरे पर आज, गुरुवार को भारत पहुंचेंगे। पुतिन की इस दो दिवसीय यात्रा पर पूरी दुनिया की निगाहें टिकी हैं। रूसी राष्ट्रपति के गुरुवार शाम लगभग साढ़े चार बजे नई दिल्ली पहुंचने की संभावना है जहां उनके स्वागत की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। गुरुवार रात प्रधानमंत्री मोदी अपने खास दोस्त के स्वागत के लिए एक प्राइवेट डिनर की मेजबानी करेंगे जिसके बाद अगले दिन आधिकारिक कार्यक्रम शुरू होंगे। 10 बिंदुओं में समझिए पूरा सार-

पुतिन की यात्रा की जानकारी रखने वाले अधिकारियों ने बताया कि पुतिन का शुक्रवार को औपचारिक स्वागत किया जाएगा, जिसके बाद 23वीं भारत-रूस शिखर वार्ता होगी। उन्होंने बताया प्रधानमंत्री मोदी हैदराबाद हाउस में पुतिन और उनके प्रतिनिधिमंडल के लिए दोपहर में एक भोज की भी मेजबानी करेंगे। पुतिन अगली सुबह राजघाट का रुख करेंगे। वहीं इसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उनके सम्मान में राजकीय भोज की मेजबानी करेंगी। लगभग 28 घंटे की यात्रा के बाद पुतिन शुक्रवार रात करीब साढ़े नौ बजे भारत से प्रस्थान करेंगे।

पुतिन की इस यात्रा का व्यापक उद्देश्य ऐसे समय में भारत-रूस सामरिक और आर्थिक साझेदारी को मजबूत करना है, जब भारत और अमेरिका के संबंध तनाव से गुजर रहे हैं। शिखर वार्ता में भारत द्वारा रूसी कच्चे तेल की बड़ी मात्रा में खरीद के कारण बढ़ते व्यापार घाटे का मुद्दा उठाए जाने की संभावना है। बता दें कि अमेरिका द्वारा भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत का भारी शुल्क लगाए जाने के बाद भारत और अमेरिका संबंध पिछले दो दशकों में



संभवतः अपने सबसे खराब दौर से गुजर रहे हैं। इस शुल्क में रूसी कच्चे तेल की खरीद के कारण लगाया गया 25 प्रतिशत शुल्क भी शामिल है। बैठक में अमेरिकी प्रतिबंधों के भारत द्वारा रूस से कच्चे तेल की खरीद पर पड़ने वाले प्रभाव पर भी चर्चा होने की संभावना है।

शुक्रवार को होने वाली शिखर वार्ता में रक्षा सहयोग को बढ़ाने, द्विपक्षीय व्यापार को बाहरी दबावों से सुरक्षित रखने और छोटे 'मॉड्यूलर रिएक्टर' में संभावित सहयोग पर विशेष ध्यान दिए जाने की भी संभावना है। इस वार्ता पर पश्चिमी देशों की पैनी निगाह रहेगी।

सम्मेलन में पुतिन प्रधानमंत्री मोदी को यूक्रेन जंग खत्म करने के लिए अमेरिका के प्रयासों से भी अवगत करा सकते हैं। पुतिन के दौरे से पहले यूरोपीय देशों ने भारत से अपील की है कि वह रूस पर यूक्रेन युद्ध खत्म करने का दबाव बनाएं। यूरोप ने कहा है कि पुतिन पीएम मोदी की बात सुनते हैं और इसीलिए भारत को पुतिन से इस संबंध में बातचीत करनी चाहिए। गौरतलब है कि भारत लगातार कहता रहा है कि युद्ध खत्म करने का रास्ता केवल संवाद और कूटनीति से होकर गुजरता है।

मोदी और पुतिन की बातचीत के बाद दोनों देशों के बीच कई समझौतों पर हस्ताक्षर होने की संभावना है। इनमें भारतीय श्रमिकों के रूस में आवागमन को सुगम बनाने संबंधी एक समझौता और रक्षा सहयोग पर एक अन्य समझौता शामिल है। ऐसा बताया जा रहा है कि फार्मा, कृषि, खाद्य उत्पादों और उपभोक्ता वस्तुओं के क्षेत्रों में रूस को भारतीय निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है। यह कदम ऐसे समय में उठाया जा रहा है, जब भारत रूस के पक्ष में बढ़ते व्यापार घाटे को लेकर चिंतित है। भारत द्वारा रूस से प्रतिवर्ष लगभग 65 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के उत्पाद और सेवाएं खरीदी जाती हैं, जबकि रूस का भारत से आयात लगभग पांच अरब अमेरिकी डॉलर है।

अधिकारियों ने बताया कि भारत उर्वरक क्षेत्र में भी सहयोग बढ़ाने की दिशा में काम कर रहा है। रूस हर साल भारत को 30 से 40 लाख टन उर्वरक आपूर्ति करता है। उन्होंने बताया कि दोनों पक्ष व्यापार, शिक्षा, कृषि और संस्कृति जैसे क्षेत्रों में कई समझौतों पर हस्ताक्षर कर सकते हैं।

# एक साथ चार बच्चों का जन्म

## तीन फीमेल-एक मेल, मां और बच्चे पूरी तरह स्वस्थ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में एक महिला ने चार बच्चों को जन्म दिया है। इनमें तीन फीमेल और एक मेल है। यह डिलीवरी क्लॉथ मार्केट हॉस्पिटल में हुई है। ये सभी पूरी तरह स्वस्थ हैं। महिला का नाम शबाना मंसूरी निवासी धार रोड है।**



डॉ. रितेश पालिया ने बताया चारों बच्चो का वजन कम हैं। इनमें से तीन का वजन 1-1 किलो जबकि एक बच्चे वजन 750 ग्राम है। उन्हें ऐहतियात के बतौर पर पीआईसीयू में रखा गया है। इन बच्चों का वजन कम होने से उनकी लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। चारों बच्चों में से दो बच्चों की हालत कमजोर होने के कारण उन्हें डॉल्फिन हॉस्पिटल में रेफर किया गया है। आज सुबह 8.30 बजे डॉ. फरहान पठान और डॉ. हेमलता गुप्ता की टीम ने यह सर्जरी की। सर्जरी जटिल थी, लेकिन सफल रही। शबाना की बहन जोया मंसूरी ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि चार बच्चों के जन्म से मुझे काफी खुशी है। चारों बच्चे अच्छे हैं। दूसरी बहन गुलनाज मंसूरी ने कहा कि बहनोई का कुछ समय पहले इंतकाल हुआ है। एक बच्चे का वजन कम हैं, लेकिन अल्लाह का शुक्र है कि सभी अच्छे हैं। साल 2024 में कन्नौद (देवास) की 24 साल की मर्जिया ने इंदौर के निजी अस्पताल में एक साथ चार बच्चियों को जन्म दिया था। सभी प्री-मेच्योर थे। इस कारण इन्हें भी एनआईसीयू में रखा गया था। इसके पूर्व 2023 में इंदौर में ही एक महिला ने प्राइवेट हॉस्पिटल में तीन बच्चों को जन्म दिया था।

# बीआरटीएस हटाने का काम कबाड़ी को दिया



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **बीआरटीएस कॉरिडोर को हटाने पर हाईकोर्ट ने 15 दिन की सख्त डेडलाइन दी, लेकिन नगर निगम की रफ्तार इतनी सुस्त है कि अब तक सिर्फ 300 मीटर हिस्सा पूरी तरह हटाया जा सका है।जिस कंपनी को बीआरटीएस तोड़ने का ठेका मिला है, उसने काम कबाड़ी को दे दिया। नतीजा ये कि उसके पास न संसाधन हैं, न मशीनें, न टाइमलाइन और शहर हर दिन जाम में फंसा रहता है।**

निगम ने बीआरटीएस हटाने का ठेका राजगढ़ के ठेकेदार दिनेश यादव को दिया है। वह काम शुरू करने से पीछे हट गया। समझाया तो उसने इंदौर के एक सहयोगी के हवाले कर दिया। बात यहीं नहीं रुकी, सहयोगी ने इसे आगे कबाड़ी को आउटसोर्स कर दिया। अब हालत यह है कि 19 बस स्टॉप में से सिर्फ एक आधा टूटा, बाकी को छूना भी मुश्किल हो रहा है। एक बस स्टॉप तोड़ने में 4–5 दिन लग रहे हैं। शिवाजी वाटिका से देवास नाका तक लगभग 7 किमी का हिस्सा अब भी जस का तस खड़ा है। यहीं पलासिया, गीता भवन, एलआईजी, रसोमा, विजयनगर और सत्य सांई जैसे चौराहे हैं, जहां रोज 3 लाख से ज्यादा वाहन जाम में फंसते हैं। जीपीओ चौराहे से भाजपा कार्यालय तक का बीआरटीएस हिस्सा पूरी तरह तोड़ा जा चुका है। यहां टेम्परेरी बैरिकेड भी लगा दिए गए हैं। राजीव गांधी चौराहे से भंवरकुआं, नौलखा, इंदिरा प्रतिमा और जीपीओ तक की एक साइड की रेलिंग हटाई जा चुकी है। लेकिन बीच के बस स्टॉप अभी नहीं तोड़े गए हैं। दूसरी साइड की रैलिंग हटाने का काम 20 दिन बाद शुरू होने की संभावना है।

### इंदौर पुलिस का ट्रैफिक नियमों को लेकर जागरूकता अभियान...

# लोगों को चालान काटने के बाद किया हेलमेट गिफ्ट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **लोगों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान चलाए जा रहे है। बुधवार को पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह सहित कई अधिकारी इसमें शामिल हुए।**



नवलखा चौराहे पर इंदौर ट्रैफिक पुलिस ने हेलमेट जागरूकता अभियान चलाते हुए, पुलिस कमिश्नर ने युवा, बुजुर्ग और जरूरतमंद ऐसे वाहन चालक जिनके पास रजिस्ट्रेशन, लाइसेंस सहित सभी डॉक्यूमेंट्स पूरे थे उन्हें हेलमेट दिया। ऐसे वाहन चालकों द्वारा नियमों का उल्लंघन करने पर पहले चालान किया गया और फिर सुरक्षा का महत्व बताते हुए हेलमेट दिया गया। इस अभियान में वो लोग भी शामिल हुए जिन्होंने पहले से अपनी स्वेच्छा से हेलमेट लगाया हुआ था। पुलिस कमिश्नर ने ऐसे वाहन चालकों की प्रशंसा करते हुए उन्हें भी गिफ्ट दिए। वाहन चालकों ने पुलिस कमिश्नर से अपने अनुभव भी साझा किए और बताया कि हमने अपने परिवार में रोड एक्सीडेंट का दुख झेला है, अपनों को खोया है और आए दिन सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन से होने वाले एक्सीडेंट के बारे में सुनते हैं, इसलिए हम नियमों का पालन भी करते हैं और अपने परिजन को भी सलाह देते है कि टू व्हीलर चलाते समय हेलमेट और फोर व्हीलर चलाते समय सीट बेल्ट लगाएं। पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने अभियान को लेकर बताया कि, हेलमेट को लेकर जागरूकता और कार्रवाई लगातार चार हफ्तों से जारी है। इसी कड़ी में ऐसे लोग जिनके लिए हेलमेट खरीदना कई बार एक एक्स्ट्रा इकॉनोमिक एक्टिविटी हो जाती है उनके लिए हम जनभागीदारी के माध्यम से हेलमेट वितरित कर रहे है।

ये प्रोग्राम लगातार जारी रहेगा। पुलिस कमिश्नर ने अपील की है कि लोग हेलमेट पहने अपने आप को सुरक्षित रखे। घर-परिवार आपका इंतजार कर रहा है। साथ ही ट्रैफिक नियमों का पालन करें। इससे आप स्वयं सुरक्षित रहे और अन्य लोग जो रोड पर चल रहे है वह भी सुरक्षित रहेंगे। इस अभियान को आगे बढ़ाने के लिए जिम्मेदार वाहन चालकों को आगे आना चाहिए और अन्य लोगों को भी सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करना चाहिए। वाहन चालकों ने भी संकल्प लिया कि ना केवल हम यातायात नियमों का पालन करेंगे बल्कि अन्य लोगों को भी प्रेरित करेंगे।

# प्रेमानंद महाराज से मिले पलाश मुछाल

### साधना में बैठे, राधा नाम का जाप किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। भारतीय क्रिकेटर स्मृति मंधाना के साथ शादी टलने के बाद म्यूजिक कंपोजर पलाश मुछाल 2 नवंबर को वृंदावन में संत प्रेमानंद महाराज के आश्रम पहुंचे। वे साधना में बैठे। प्रवचन में राधा नाम का जाप किया। मास्क लगाए बैठे पलाश ने जपने वाली माला गले में पहनी थी। इस दौरान प्रेमानंद महाराज के शिष्य नवल नागरी, अन्य भक्तों के सवाल दोहराते रहे। जिनका जवाब संत प्रेमानंद महाराज दे रहे थे। पलाश ने उनसे कोई सवाल नहीं पूछा। स्मृति मंधाना से शादी पोस्टपोन होने के बाद पलाश को पहली बार मुंबई एयरपोर्ट पर ऑल ब्लैक लुक में स्पॉट किया गया था। इसके बाद वे प्रेमानंद महाराज के आश्रम में दिखाई दिए। उन्होंने व्हाइट शर्ट और ब्लैक जैकेट पहनी थी। सोशल मीडिया पर पलाश और स्मृति की शादी की नई डेट को लेकर रूमर्स चल रहे हैं। दावा किया जा रहा है कि दोनों 7 दिसंबर को शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। इस शादी में दोनों के परिवार वाले ही शामिल होंगे।



# मेट्रो स्टेशन के लिए दो स्कूल हुए शिफ्ट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **अंडरग्राउंड मेट्रो के लिए मध्य क्षेत्र के कुछ प्रमुख स्थानों पर प्रारंभिक स्तर का कार्य शुरू हो चुका है। लेकिन मेट्रो के इस अंडरग्राउंड स्टेशन को बनाने के लिए दो सरकारी स्कूल को शिफ्ट किया जा रहा है। शिवाजी मार्केट मल्टीलेवल पार्किंग कॉम्प्लेक्स के पीछे स्थित सरकारी हिन्दी मिडिल स्कूल क्रमांक 24 और मराठी मिडिल स्कूल क्रमांक 06 को शिफ्ट किया जा रहा है। ये दोनों स्कूल फिलहाल प्रेस क्लब के पीछे महाराजा टॉकिज एमटीएच कम्पाउंड में शिफ्ट किए गए हैं।**



शिवाजी मार्केट मल्टी लेवल पार्किंग के ठीक पीछे मेट्रो स्टेशन के लिए खुदाई का काम चल रहा है। वही एयरपोर्ट के अलावा रीगल और एमजी रोड पर भी अंडरग्राउंड स्टेशन निर्माण की तैयारी शुरू हो गई है। इंदौर में लगभग 32 किलोमीटर का एलिवेटेड और अंडरग्राउंड कॉरिडोर मेट्रो प्रोजेक्ट के तहत तैयार किया जाना है, जिसमें से लगभग 17 किलोमीटर का एलिवेटेड कॉरिडोर गांधी नगर से लेकर रेडिसन चौराहा तक फिलहाल तैयार हो गया है, जिसे अंतिम रूप दिया जा रहा है। दूसरी तरफ प्रायोरिटी कॉरिडोर पर लगभग 6 किलोमीटर में व्यवसायिक संचालन भी शुरू किया गया। हालांकि यात्रियों का अभाव है और अब रेडिसन चौराहा तक जनवरी अंत तक या फरवरी में व्यवसायिक संचालन भी शुरू किया जाएगा, जिसको लेकर लगातार ट्रायल रन भी चल रहे हैं। हर हफ्ते इंदौर आने वाले मेट्रो कॉर्पोरेशन के एमडी एस. कृष्ण चैतन्य ट्रायल रन का जायजा लेते हैं। सूत्रों के मुताबिक ये दोनों स्कूल पहली से आठवीं तक है। यहां पर खाली मैदान है और जब यह जगह मेट्रो स्टेशन के लिए चुनी गई तब दोनों सरकारी स्कूलों को दूसरी जगह शिफ्ट करने की कवायद शुरू की गई। शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन ने दोनों स्कूलों की शिफ्टिंग के लिए शहर के कुछ शासकीय स्कूल देखे गए थे, लेकिन पर्याप्त जगह नहीं मिल पाई थी। बाद में उक्त दोनों स्कूलों को महाराजा टॉकिज एमटीएच कम्पाउंड में शिफ्ट करने का निर्णय लिया गया।

# कनाड़िया रोड पर ठेले गुमटियों को हटाया

## निगम कर्मचारियों और दुकानदारों के बीच चले लात-घूंसे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कनाड़िया रोड पर ठेले-गुमठी वालों को हटाने के दौरान विवाद हो गया, जो इतना बढ़ा कि नगर निगम के कर्मचारियों और ठेले वालों के बीच मारपीट हो गई। वहां उपस्थित लोगों ने बड़ी मुश्किल से मामला शांत किया। अब नगर निगम के कर्मचारी ठेले-गुमठी वालों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर पुलिस को आवेदन देने जा रहे हैं।**





नगर निगम की टीम बुधवार को कनाड़िया रोड से अतिक्रमण हटाने पहुंची थी। कार्रवाई से पहले टीम ने अनाउंसमेंट किया और ठेले-गुमठी वालों को हटाना शुरू किया, जो खुद अपना सामान नहीं हटा रहे थे ऐसे ठेले वालों का सामान भी जब्त किया। टीम ने 60 से ज्यादा दुकानों पर कार्रवाई की। जब कार्रवाई पूरी कर टीम वापस लौट रही थी, तभी विवाद हो गया। बता दें कि इस रास्ते पर सब्जी मंडी और काफी दुकानें हैं। अतिक्रमण के कारण जाम के हालात बनते हैं। बताया जा रहा है कि निगम की टीम लौट रही थी, तभी जब्त ठेले को उतारने और एक दिव्यांग बच्चे को धक्का लगने पर विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि यहां मारपीट शुरू हो गई। निगम के कर्मचारियों और लोगों के बीच जमकर थप्पड़ चले। इधर, घटना के बाद निगम के कर्मचारियों को पुलिस को सूचना दी। नगर निगम रिमूवल के बबलू कल्याणे ने कहा कि मामले में थाने पर आवेदन दिया जा रहा है। लोगों का कहना था कि बिना नोटिस के निगम ने कार्रवाई की। इधर, घटना के बाद डायल 112 मौके पर पहुंची। पुलिस दो लोगों को थाने ले गई है। इधर, कार्रवाई के बाद टीम वाइन शॉप के पास कार्रवाई करने पहुंची। यहां कार्रवाई के दौरान कुछ लोग निगम अधिकारियों से मिले और उनके सामने कार्रवाई नहीं करने की मिन्नतें करने लगे। एक व्यक्ति ने भवन अधिकारी के पैर तक पकड़ लिए। कनाड़िया रोड पर होलकर प्रतिमा से बायपास की तरफ जाने वाले मार्ग पर लगने वाली अवैध दुकानों पर कार्रवाई की गई है। यहां लोगों ने टीन शेड की दुकानें बनाकर व्यापार शुरू कर दिया था। इस रास्ते पर सब्जी मंडी के साथ ही अन्य दुकानें भी संचालित हो रही थीं, जिसके कारण ट्रैफिक जाम की समस्या बनी हुई थी। निगम की टीम दल-बल और जेसीबी मशीन के साथ पहुंची और शेड वाली दुकानों को हटाने की कार्रवाई की। जोन क्रमांक 19 के भवन अधिकारी विशाल राठौर ने बताया कि होलकर प्रतिमा से बायपास तक जितनी भी अवैध ठेले-गुमटियां, चाट-चौपाटी और सब्जियों की दुकाने थीं, उन्हें हटाया गया है। 60 से 70 दुकानों पर कार्रवाई की जा चुकी है और अन्य दुकानों को भी हटाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पहले अनाउंसमेंट भी किया गया था। आगे भी यदि कोई यहां दुकान लगाएगा तो उसे भी हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

# आईआईएम इंदौर की प्लेसमेंट कमेटी के सदस्य पर यौन उत्पीड़न का आरोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) इंदौर में यौन उत्पीड़न का मामला सामने आया है। यह आरोप प्लेसमेंट कमेटी के एक सदस्य पर लगाया गया है। मामले में बुधवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने जमकर प्रदर्शन किया। छात्र नेताओं ने जल्द कार्रवाई की मांग की है। उधर, संस्थान ने कमेटी की जांच का हवाला दिया है। बुधवार को अभाविप ने आईआईएम इंदौर का घेराव किया।**

महानगर मंत्री देवेश गुर्जर के नेतृत्व में कार्यकर्ता दोपहर 12.30 बजे पहुंचे। संस्थान के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। छात्रनेताओं ने कहा कि अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में प्लेसमेंट और मीडिया सेल के लिए पार्टी रखी गई। जहां दोनों सेल के सदस्य मौजूद थे। यह पार्टी संस्थान के बाहर रखी गई। इस दौरान नशे में धुत प्लेसमेंट सेल के एक सदस्य ने कुछ छात्राओं के साथ बदतमीजी की। इन छात्राओं ने प्रबंधन को अक्टूबर में शिकायत दर्ज करवाई। फिर प्रबंधन ने समिति को जांच सौंपी। विशाखा गाइडलाइन को ध्यान में रखकर जांच शुरू हुई। छात्राओं और आरोपित छात्र के बयान दर्ज किए जा चुके हैं। चूंकि घटनाक्रम संस्थान परिसर के बाहर हुआ था, इसलिए अभी तक सीसीटीवी फुटेज नहीं मिल पाए हैं। घटना को 35 से 40 दिन बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक कमेटी कोई निर्णय पर नहीं पहुंची है।

**संस्थान को बदनाम करने का काम अभाविप कर रही है। इस प्रकार की घटनाओं को लेकर कमेटी बनी है, जो जांच करती है। वह प्लेसमेंट कमेटी का सदस्य नहीं है। वह सामान्य छात्र है। वैसे भी विशाखा गाइडलाइन के आधार पर जांच में समय लगता है। हालांकि मैं अभी दिल्ली में हूं। मामले के बारे में अभी मुझे कोई जानकारी नहीं है।**

**-प्रो. हिमांशु राय, निदेशक, आईआईएम इंदौर**

# पिता की जगह बेटे को 30 घंटे हिरासत में रखा

## हाईकोर्ट ने वीडियो के साथ टीआई को तलब किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** चंदन नगर पुलिस की कार्रवाई पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। पॉक्सो एक्ट केस में पुलिस ने आरोपी की जगह उसके इंजीनियर बेटे को थाने में 30 घंटे हिरासत में रखा और उसे हथकड़ी भी पहनाई। हैरानी की बात यह है कि रियल एस्टेट कारोबारी के इंजीनियर बेटे की इस केस में न कोई भूमिका है और न ही वह आरोपी है।



मामले में हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। कोर्ट ने टीआई इंद्रमणि पटेल को उस अवधि के वीडियो फुटेज के साथ गुरुवार (4 दिसंबर) को तलब किया है। इंदौर के रियल एस्टेट कारोबारी संजय दुबे (62) पर एक नाबालिग लड़की से शारीरिक शोषण और गर्भवती करने के आरोप लगाए हैं। चंदन नगर पुलिस ने मामले में संजय दुबे के खिलाफ 12 नवंबर को पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस अब तक संजय का पता नहीं लगा सकी। परिवार पर दबाव बनाने के लिए उसने संजय के इंजीनियर बेटे राजा (32) को हिरासत में ले लिया। हिरासत में लेते वक्त पुलिसकर्मियों ने खुद को क्राइम ब्रांच का बताया। राजा को 27 नवंबर की रात 11:30 बजे तक हिरासत में रखा। इस बीच उसे हथकड़ी भी लगाई गई और अपमानित भी किया। राजा के साले आकाश तिवारी ने एडवोकेट नीरज सोनी के माध्यम से राजा के मामले में 28 नवंबर को इंदौर हाईकोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका लगाई। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नर को भी लिखित शिकायत कर पूरे मामले से अवगत कराया गया।

जानकारी के मुताबिक पुलिस ने युवक को करीब 30 घंटे तक थाने में अवैधानिक रूप से बैठाए रखा। उसे हथकड़ी भी लगाई गई, जो कानून तब तक संभव नहीं जब तक व्यक्ति गंभीर आरोपी न हो या फरार होने की आशंका न हो। कानूनी प्रावधानों के अनुसार किसी भी व्यक्ति को सिर्फ पूछताछ के लिए लंबी अवधि तक हिरासत में नहीं रखा जा सकता। अगर वह आरोपी है तो उसे 24 घंटे के भीतर कोर्ट में पेश करना अनिवार्य है, लेकिन चंदन नगर पुलिस ने इन नियमों का उल्लंघन किया। दुबे परिवार ने युवक को थाने में बैठाए रखने और हथकड़ी लगाने के फोटो-वीडियो जुटाकर हाईकोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दाखिल कर दी। याचिका में पुलिस पर अवैधानिक हिरासत में रखने का आरोप लगाया।हाईकोर्ट ने मामले को गंभीर मानते हुए चंदन नगर थाना प्रभारी इंद्रमणि पटेल को आदेश दिया है कि वे उन 30 घंटों के थाने के सीसीटीवी फुटेज के साथ कोर्ट में हाजिर हों।

# बेटी के बाद मां ने भी दम तोड़ा, ड्राइवर का चल रहा इलाज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** ई-रिक्शा की बैटरी फटने से झुलसी 60 वर्षीय रामकुंवर बाई पति नाथूसिंह की इलाज के दौरान बुधवार सुबह मौत हो गई। इसी हादसे में झुलसी उनकी बेटी पवित्रा की सोमवार को मौत हो गई थी। दोनों का एमवाय अस्पताल में इलाज चल रहा था। ई-रिक्शा चालक भी इस दुर्घटना में झुलसा है, जिसका इलाज चल रहा है। उसके खिलाफ पुलिस ने मामला भी दर्ज कर लिया है।

घटना विजयनगर थाना क्षेत्र की है। थाना पुलिस ने बताया कि आई सेंटर विजयनगर में शनिवार को ई-रिक्शा की बैटरी ब्लॉस्ट हुई थी। जिसमें मां-बेटी गंभीर रूप से घायल हुई थीं। इस घटना में बेटी के बाद मां की भी मौत हो गई है। परिवार ने बताया कि दोनों लसूड़िया के निरंजनपुर से मार्केट जाने के लिए निकली थीं। वे जिस ई-रिक्शा में बैठी थीं, उसकी बैटरी फट गई थी। जिसमें दोनों बुरी तरह से झुलस गई थीं। घटना के बाद सुनील वर्मा जो पैरामेडिकल स्टाफ है वह और आसपास के लोग तुरंत इनकी मदद को पहुंचे। जैसे-तैसे आग पर काबू पाया और दोनों को मां-बेटी को एम्बुलेंस की मदद से एमवाय अस्पताल भेजा गया। दोनों को बर्न यूनिट में भर्ती कराया गया था। घटना के बाद पुलिस ने जांच की तो पता चला कि ई-रिक्शा के ड्राइवर ने अपने ई-रिक्शा में एक्स्ट्रा बैटरी लगा रखी। जिसके कारण ये हादसा हुआ है। इस मामले में पवित्रा के भाई ईश्वर पिता नाथु सिंह सोलंकी की शिकायत पर पुलिस ने शनिवार शाम को मामले में ई-रिक्शा के चालक अरुण गुप्ता के खिलाफ 125(बी) बीएनएस एवं 198 एमवी एक्ट की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

### ● इंदौर में 9 हजार से ज्यादा ई-रिक्शा

इंदौर में 9 हजार से ज्यादा ई रिक्शा चल रहे हैं। आमतौर पर एक ही बैटरी काफी दूरी तक चलती है। एक्स्ट्रा बैटरी लगवाना खतरनाक हो सकता है। कोई सा भी इलेक्ट्रिक वाहन हो, उसमें सबसे अहम इक्युपमेंट ही बैटरी होता है। इसलिए उनमें अच्छी गुणवत्ता और मानक पैमानों की बैटरियां ही लगाना चाहिए।

# पटेल मार्केट में गोदाम में आग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** खजराना इलाके में बुधवार शाम एक गोदाम में आग लग गई। आग की सूचना के बाद यहां फायर की टीमें रवाना हुईं और आग पर काबू पाया। आग लगने का कारण अभी सामने नहीं आ पाया है। सूचना के बाद थाना प्रभारी और अन्य लोग मौके पर पहुंचे हैं। कलेक्टर शिवम वर्मा ने घटना को लेकर जांच के आदेश भी दिए हैं। फायर ब्रिग्रेड के मुताबिक घटना शिफा अस्पताल के पीछे पटेल मार्केट की है। यहां पर तेल के साथ अन्य सामान के गोदाम बने हुए हैं। बुधवार को अचानक यहां पर आग लग गई। टीआई मनोज सेंधव ने बताया कि बारात में पायरो जलते है उसके गोदाम में लगी थी। अब काबू पा लिया गया है। पायरो फूटते हैं।

# अधिकाधिक अस्पतालों और डॉक्टर्स को जोड़ें आयुष्मान योजना से : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## बॉन्ड वाले डॉक्टर्स को प्रदेश में ही सेवाएं देने के लिए करें तैयार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं में आमूलचूल परिवर्तन लाना ही सरकार की मंशा है। स्वास्थ्य सेवाओं के आधुनिकीकरण और चिकित्सा शिक्षा के व्यापक विस्तार के लिए सरकार बहुस्तरीय सुधार लागू कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अधिकाधिक नागरिकों को आयुष्मान योजना का लाभ दिलाया जाए। ऐसे अस्पताल या डॉक्टर आयुष्मान योजना के तहत इलाज नहीं करते हैं या इस योजना में इम्पैनल्ड नहीं है, उन्हें भी इस योजना से जोड़ा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉक्टर्स की आपूर्ति के लिए विभाग भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाए। यह प्रयास किया जाए कि फील्ड में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के संचालन के लिए निजी चिकित्सकों की भी सेवाएं ली जाए। इसके लिए उन्हें कॉल पर बुलाने के अलावा अच्छा मानदेय (इन्सेंटिव) भी दिया जाए। उन्होंने कहा कि चिकित्सा शिक्षा ग्रहण कर रहे ऐसे विद्यार्थी, जिनकी फीस सरकार द्वारा अदा की जा रही है, ऐसे बॉन्ड वाले डॉक्टर्स को मध्यप्रदेश में ही सेवाएं देने के लिए रोका जाए। ऐसे



डॉक्टर्स को प्रदेश के जनजातीय एवं दूरस्थ क्षेत्रों में सेवाएं देने के लिए इन्हें भी आकर्षक मानदेय राशि दी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में तेजी से नए मेडिकल कॉलेजेस स्थापित हो रहे हैं, ऐसे में अधिक संख्या में डॉक्टर्स की आवश्यकता होगी। बॉन्ड वाले डॉक्टर्स को प्रमोट कर, इनके मानदेय को रिवाईज कर सभी नए मेडिकल कॉलेजेस एवं फील्ड के अस्पतालों में इनकी सेवाएं ली जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मंत्रालय में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा सहित खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की योजनाओं, कार्यक्रमों और संचालित गतिविधियों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में उप मुख्यमंत्री लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री राजेन्द्र शुक्ल, राज्यमंत्री श्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन सहित अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री) श्री नीरज मंडलोई भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सभी स्वास्थ्य योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों तक इनका लाभ समय पर और प्रभावी रूप से पहुंचे, इसके लिए डिलेवरी सिस्टम को और मजबूती और पारदर्शिता के साथ लागू किया जाए। मुख्यमंत्री ने फील्ड अमले की भूमिका पर विशेष जोर देते हुए कहा कि फील्ड स्तर पर संवेदनशीलता, तत्परता और जवाबदेही से ही स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि विभागीय सेवाओं का समन्वय और योजनाबद्ध क्रियान्वयन ही सरकार की लक्ष्य पूर्ति का वास्तविक माध्यम है। बैठक में बताया गया कि बॉन्ड वाले डॉक्टर्स को शासकीय डॉक्टर्स के रूप में भर्ती करने के लिए, इनके भर्ती नियम संशोधित किए जा रहे हैं। इसके लिए जल्द ही मंत्रि-परिषद की बैठक में प्रस्ताव लाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में तेजी से नए मेडिकल कॉलेजेस की स्थापना के लिए विभाग को बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्राइवेट अस्पतालों में गर्भवती माताओं का बेवजह सीजेरियन आपरेशन करने की शिकायत आती रहती हैं, इस पर सख्ती से नियंत्रण किया जाए। उन्होंने कहा कि 108 एम्बुलेंस के चालकों द्वारा जबरदस्ती मरीजों को प्राइवेट हॉस्पिटल में ले जाने की शिकायत भी आती हैं, इसकी सख्ती से निगरानी करें और ऐसी प्रवृत्ति को रोकें। बताया गया कि बीते दो साल मे 84000 से अधिक कार्डियक सर्जरी शासकीय अस्पतालों में हुई है।

## इंदौर की पैरा एथलीट पूजा को पुरस्कार मिलने पर दी बधाई



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर की प्रतिभाशाली पैरा एथलीट पूजा गर्ग को वर्ष 2025 के लिए 'श्रेष्ठ दिव्यांगजन' पुरस्कार से सम्मानित होने पर बधाई दी। उन्होंने एथलीट उज्ज्वल भविष्य के लिए कामना की है। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर पैरा एथलीट पूजा गर्ग को नई दिल्ली में यह पुरस्कार प्रदान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंदौर की बेटी सुश्री पूजा ने नाथुला दर्रे पर तिरंगा फहराने वाली विश्व की पहली महिला होने की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। मध्यप्रदेश को उन पर गर्व है। राज्य सरकार खेलों और खिलाड़ियों को भरपूर प्रोत्साहन दे रही है।

## समीक्षा बैठक छोड़ दिल्ली रवाना हुए सीएम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** कृषि, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग और पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक छोड़ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव दिल्ली रवाना हो गए हैं। बताया जा रहा है कि डॉ. यादव केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा को पन्ना, बैतूल, कटनी और धार में पीपीपी मोड पर प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज के भूमिपूजन कार्यक्रम का न्योता देने गए हैं। इससे पहले डॉ. यादव ने स्वास्थ्य, सहकारिता और महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा की है। वे लाड़ली लक्ष्मी योजना में ड्राप ऑउट से नाराज हुए। उन्होंने तीन साल में कुपोषण समाप्त करने का टारगेट महिला एवं बाल विकास विभाग को दिया है। ये बैठकें मंत्रालय में चल रही थीं। जिनमें सरकार के 2 साल के कामकाज का लेखा-जोखा लिया जा रहा था।

## गोलियां चलाकर व्यापारी से 20 लाख लूटे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**अशोकनगर, एजेंसी।** अशोकनगर-गुना रोड पर बुधवार दोपहर एक बड़ी लूट की वारदात सामने आई है। नगऊखेड़ी गांव के पास रेलवे फाटक पर चार नकाबपोश बदमाशों ने एक व्यापारी की स्कूटी को टक्कर मारकर 20 लाख रुपए लूट लिए। घटना दिनदहाड़े हुई और बदमाश कट्टे से हवाई फायर कर भाग गए। शाढौरा निवासी नीरज साहू के मुताबिक, मैं कृषि उपज मंडी में मक्का खरीद-फरोख्त का काम करता हूं। दोपहर करीब 2 बजे ICICI बैंक से 20 लाख रुपए निकालकर स्कूटी से शाढौरा लौट रहा था। रेलवे फाटक और नगऊखेड़ी के बीच अचानक एक बाइक ने मेरी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। इससे मैं सड़क पर गिर गया, तभी दूसरी बाइक पर सवार दो और बदमाश आए। उन्होंने आगे-पीछे से घेर लिया। दो बाइकों पर कुल चार बदमाश थे। सभी नकाब पहने हुए थे।

## गैस त्रासदी की बरसी पर दी श्रद्धांजलि

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल गैस त्रासदी की 41वीं बरसी पर दिवंगत पुण्यात्माओं को श्रद्धांजलि दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 2 और 3 दिसम्बर 1984 की मध्य रात्रि में यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री से जहरीली गैस के रिसाव से प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदनाएं भी व्यक्त की हैं।

# दो सहेलियों ने पिया टॉयलेट क्लीनर, एक की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नर्मदापुरम, एजेंसी।** नर्मदापुरम में बुधवार को दो सहेलियों ने आत्महत्या के प्रयास में टॉयलेट क्लीनर पी लिया। इनमें 21 वर्षीय युवती की जिला अस्पताल में मौत हो गई, जबकि 17 वर्षीय किशोरी का निजी अस्पताल में उपचार जारी है। दोनों की दोस्ती फेसबुक पर हुई थी और इसी दोस्ती की वजह से नाबालिग कानपुर से नर्मदापुरम पहुंची थी।

मृत युवती नर्मदापुरम के पथरौटा थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली थी, जबकि किशोरी कानपुर के बर्रा की निवासी है। सोशल मीडिया पर दोस्ती बढ़ी और नाबालिग तीन दिन पहले नर्मदापुरम पहुंच गई। शुरू में वह युवती के घर पर रही, लेकिन परिजनों की आपत्ति के बाद उसे सहेली के घर भेज दिया गया। बताया गया कि मंगलवार को युवती के जीजा दोनों को घर ले आए। शाम को युवती बाथरूम में गई और करीब 15 मिनट तक दरवाजा बंद रखकर टॉयलेट क्लीनर पी लिया। परिजन दरवाजा तोड़कर उसे बाहर ले आए। इसके तुरंत बाद किशोरी ने भी बाथरूम में जाकर वही कदम उठा लिया। दोनों को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन युवती ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। किशोरी की स्थिति गंभीर रहने पर उसे निजी अस्पताल में भर्ती किया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमॉर्टम कराया। मृतका आदिवासी समुदाय से थी और नर्मदापुरम में अपने मामा के घर रहकर कॉलेज की पढ़ाई कर रही थी।

# जवान की सिर पर गोली मारकर हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रायगढ़/रीवा, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के रीवा जिले के रहने वाले RPF के हेड कॉन्स्टेबल की छत्तीसगढ़ में गोली मारकर हत्या कर दी गई। रायगढ़ में आरपीएफ पोस्ट के भीतर ड्यूटी के दौरान हुए विवाद में एक आरपीएफ जवान ने अपने ही हेड कॉन्स्टेबल पीके मिश्रा पर गोली चला दी। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, गोली चलाने वाला हेड कॉन्स्टेबल एस. लादेर जांजगीर-चांपा के भाटापारा का रहने वाला है। बताया गया कि दोनों बैचमेट थे और उनकी ड्यूटी रात में लगी थी। सुबह करीब 4 बजे किसी बात को लेकर विवाद हुआ और एस लादेर ने पीके मिश्रा के सिर पर चार राउंड फायर कर दिए, जिससे उनकी मौत हो गई।

## रईस विधायक की बढ़ सकती हैं मुश्किलें!

# 443 करोड़ की वसूली के नोटिस दिए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्य प्रदेश में भाजपा विधायक व खनन कारोबारी संजय पाठक की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। उनकी कंपनियों पर अवैध खनन के आरोप लगे थे, शासन ने जांच कराकर तय मात्रा से अधिक खनन करने पर एमएलए पाठक की कंपनियों पर 443 करोड़ से अधिक की रॉयल्टी और जीएसटी राशि वसूलने के लिए नोटिस जारी किए हैं। यह जानकारी विधानसभा में खुद मुख्यमंत्री ने विधानसभा में दी है। संजय पाठक के मामले में कांग्रेस विधायक हीरालाल अलावा ने सवाल उठाया था।**



दरअसल कांग्रेस विधायक हीरालाल अलवा ने विधानसभा में विजयराघवगढ़ से भाजपा संजय पाठक की खनन कंपनियों के लेकर विधानसभा में मामला उठाया था। उन्होंने विधायक पाठक की कंपनियों द्वारा किए गए खनन, स्वीकृत सीमा से अधिक खनन करने व शासन द्वारा इस पर अब तक क्या कार्रवाई की गई है? इस संबंध में सवाल लगाया था। बीते रोज खुद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सदन में इसका जवाब दिया था। सीएम डॉ. मोहन यादव द्वारा कांग्रेस विधायक हीरालाल अलावा के सवाल के जबाब में बताया गया है कि भाजपा विधायक संजय पाठक और उनके परिजन से जुड़ी खनन कंपनियां जिनमें मेसर्स आनंद माइनिंग कॉर्पोरेशन, मेसर्स निर्मला मिनरल्स ओर पेसिफिक एक्सपोर्ट को 443 करोड़ 4 लाख 86 हजार 890 रुपए की रॉयल्टी और उस पर जीएसटी की राशि जमा कराने को लेकर संबंधित जिलों के कलेक्टर्स ने नोटिस जारी किए हैं। वसूली की कार्रवाई फिलहाल जारी है। धार जिले की मनावर से विधानसभा से कांग्रेस विधायक हीरालाल अलावा ने संजय पाठक के अलावा मप्र में सहारा समूह की संपत्तियों की राजधानी भोपाल सहित जबलपुर, कटनी जिले में बिक्री और खरीदी के दौरान मूल्यांकन की दरों को कम दिखाए जाने और स्टॉप ड्यूटी की चोरी को लेकर भी सवाल लगाया था। इसमें लिखित जवाब दिया गया है कि मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश-निर्देशों का पालन किया जा रहा है। मामले में जांच की जा रही है।

## संपादकीय

# रणनीतिक साझेदारी मजबूत करने पर दुनिया की नजर

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन के आज शाम करीब 4:30 बजे दिल्ली पहुंचने की उम्मीद है। आने के कुछ घंटे बाद ही पीएम नरेंद्र मोदी पुतिन के सम्मान में एक डिनर होस्ट करेंगे। इस मुलाकात का मकसद बाइलेटरल स्ट्रैटेजिक और इकॉनमिक पार्टनरशिप को मजबूत करना है। शुक्रवार को पुतिन राजघाट जाएंगे, उसके बाद हैदराबाद हाउस में 23वीं भारत-रूस समिट होगी। पुतिन के दो दिन के इस दौरे पर पश्चिमी देशों की नजर रहेगी, क्योंकि यह दौरा उस वक्त हो रहा है, जब अमेरिका ने 50% टैरिफ भारत पर लगा रखा है। दोनों देशों के बीच इसपर चर्चा की संभावना है। भारत-रूस समिट का फोकस रक्षा सहयोग बढ़ाना, बाइलेटरल ट्रेड को बाहरी दबाव से बचाना और छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों में साझेदारी की संभावनाएं तलाशने पर रहेगा। दोनों देशों में कई अग्रीमेंट होने की उम्मीद है, जिसमें एक भारतीय वर्कर्स के रूस आने-जाने को आसान बनाने पर और दूसरा डिफेंस कोऑपरेशन के बड़े फ्रेमवर्क के तहत लॉजिस्टिक सपोर्ट पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और रूस के मंत्री आंद्रे बेलौसोव की आज अहम वार्ता होगी, जिसमे एस-400 की अतिरिक्त खरीद, सुखोई-30 अपग्रेड और रूस से सैन्य उपकरणों की समयबद्ध सप्लाई मुख्य मुद्दे रहेंगे। बातचीत में एस-500 और एसयू-57 लड़ाकू विमानों पर भी चर्चा संभावित है। रूसी मंत्रिमंडल ने 4-5 दिसंबर को होने वाली राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा के दौरान सिविल न्यूक्लियर एनर्जी में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत बनाने के लिए एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर को मजूरी दे दी है। स्थानीय मीडिया में आई खबरों के अनुसार, रूस की सरकारी परमाणु ऊर्जा कपनी 'रोसएटम' को रूसी सरकार की ओर से इस सहमति पत्र पर भारत के संबंधित अधिकारियों के साथ हस्ताक्षर करने के लिए अधिकृत किया गया है। यह कंपनी तमिलनाडु में कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा परियोजना के तहत कई रिएक्टर का निर्माण कर रही है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने मंगलवार को कहा कि रोसएटम के CEO अलेक्सी लिगाचेव भारत जा रहे है और वह छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों के निर्माण समेत सहयोग के कई प्रस्तावों की डिटेल दिल्ली में होने वाली शिखर बातचीत में प्रस्तुत करेंगे। खबरों में कहा गया था कि रोसएटम ने भारत में रूसी डिजाइन वाले अडवांस्ड रिएक्टरों के स्थानीयकरण के मामले में भी तैयार रहने की बात कही है।

## धर्म-कर्म

# राधाजी मयूर रूप में देंगी दर्शन

## आज ओढ़ाई जाएगी दाऊजी महाराज को रजाई



ब्रजराज ठाकुर दाऊजी महाराज का 445वां पाटोत्सव गुरुवार अगहन पूर्णिमा को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दौरान लक्खी मेले का विधिवत शुभारंभ किया जायेगा। जो एक माह तक चलेगा। ब्रज में कहावत है दाऊजी को ओढाई रजाई और ब्रज में सर्दी आई। बाबा को सर्दी से बचाने के लिये अगहन पूर्णिमा से गद्दल (रजाई) ओढ़ाई जाती है। इसी कारण इसे गद्दल पूर्णिमा भी कहते हैं। मान्यता है कि दाऊजी महाराज सभी को संदेश देते हैं कि सर्दी से बचाव के लिए उन्होंने स्वयं रुई निर्मित रजाई धारण कर ली है, अब भक्त भी सर्दी से बचाव के लिए तैयारी कर लें।

मंदिर प्रबंधक केपी सिंह तोमर ने बताया कि मंदिर में पाटोत्सव पर विभिन्न आयोजन होंगे। इसमें मंगला दर्शन से शहनाई वादन, दाऊजी महाराज का पंचामृत अभिषेक, विशेष श्रृंगार, बलदेव सहस्त्र नाम पाठ, हवन एवं चार बजे से दाऊजी महाराज की भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी। मंदिर को रंगीन झालरों एवं गुब्बारों से सजाया जायेगा।

नगर पंचायत ने की व्यवस्था दुरुस्तः नगर पंचायत ने मेले में बाहर से आने वाले दुकानदारों के साथ मेला, सर्कस आदि खेल तमाशों वालो के लिये बिजली, पानी व सफाई की व्यवस्था कराई है। चेयरमैन डॉ. मुरारी लाल अग्रवाल ने बताया कि तीर्थ विकास परिषद द्वारा मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ रंगमंचीय कार्यक्रम कराए जाएंगे।

बरसाना, हिन्दुस्तान संवाद। कस्बे के विश्व प्रसिद्ध लाडलीजी मंदिर में बुधवार को राधाजी का मेवाओं का बंगला सजाकर भक्तों को मयूर पोशाक धारण कराकर दर्शन कराए गए। देश के कौने-कौने से आए भक्त अपनी आराध्य की मनोहरी छवि के दर्शन करके भाव विभोर हो गए।

लाडलीजी मंदिर के सेवायत मंगतू गोस्वामी ने बुधवार की प्रातः श्रृंगार दर्शनों के समय मेवाओं का आकर्षक बंगला सजाया गया। मयूरी पोषाक में प्रिया (राधाजी)और प्रियतम (श्रीकृष्ण) को धारण कराके दर्शन कराये गए। मंदिर प्रांगण रंग बिरंगे गुब्बारों से सजाया गया। जैसे ही मंदिर के दर्शन खुले दर्शक वृषभान नंदनी की जयजयकार करने लगे। भजनों की धुनों को भक्त नृत्य कर रहे थे। मयूर रूप में दर्शन करने के लिए दोपहर तक भक्त उमड़ते रहे। मंदिर जाने वाले सभी रास्ते भरकर चल रहे थे। भक्तों को मंदिर से निकालने में मंदिर के गार्डों को काफी परेशानी का समाना करना पड़ रहा था।

# मार्गशीर्ष पूर्णिमा व्रत आज, चंद्रोदय समय, करें चंद्रमा, लक्ष्मी जी से जुड़े ये उपाय



मार्गशीर्ष पूर्णिमा का बहुत अधिक महत्व है। खास तौर पर स्नान और दान के लिए यह पूर्णिमा बहुत खास मानी जाती है। कहा जाता है कि मार्गशीर्ष पूर्णिमा के दिन भगवान विष्णु को शंख से स्नान कराना चाहिए और उन्हें तुलसी दल अर्पित करना चाहिए। इसके अलावा भगवान पर गोपी चंदन लगाने से भी वो बहुत जल्दी प्रसन्न होते हैं। इस दिन भगवान दत्तात्रेय की जयंती भी मनाई जाती है। आइए जानें इस दिन क्या करना चाहिए।

### मार्गशीर्ष पूर्णिमा की तिथि और कब निकलेगा चंद्रमा

मार्गशीर्ष पूर्णिमा की तिथि आज 4 दिसंबर को सुबह 08:37 बजे प्रारंभ होगी और अगले दिन 5 दिसंबर तक तड़के 04:43 बजे समाप्त होगी। इसलिए आज 4 दिसंबर को ही पूर्णिमा व्रत किया जाएगा। इस दिन भगवान सत्यनारायण की पूजा और कथा की जाती है। इस दिन पवित्र नदियों में स्नान कर दान किया जाता है। पूरे दिन व्रत रखकर शाम को चंद्रमा की पूजा की जाती है। शाम को चंद्रमा को अर्घ्य देने से चंद्रमा के दोष समाप्त होते हैं और व्रत पूरा माना जाता है। 4 दिसंबर को शाम 04:35 बजे चंद्रोदय होगा।

### इस दिन चंद्रमा , लक्ष्मी माता और तुलसी के क्या उपाय करें

इस दिन खास तौर पर मंदिरों में लोग शाम को चंद्र दर्शन के लिए जाते हैं, अगर चंद्रमा आपकी कुंडली में कमजोर है, तो आपको इस दिन चंद्रमा को जल, दूध और मिश्री मिलाकर अर्घ्य देना चाहिए। 'ॐ सोमाय नमः' मंत्र का जाप करना चाहिए। इस दिन तुलसी माता की पूजा भी खास मानी जाती है। शाम को तुलसी के सामने घी का दीपक जालाना चाहिए। आप पीपल के पेड़ पर, घर की चौखट पर और नदियों के किनारे दीप जला सकते हैं। इसके अलावा इस दिन तुलसी चालीसा का पाठ भी बहुत उत्तम माना गया है। ॐ नमो नारायणाय' मंत्र का जाप करें। इस दिन मां लक्ष्मी को खीर से भोग लगाएं। इससे मां लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है।

New Delhi

# राजनाथ और रूसी रक्षा मंत्री की मुलाकात आज S-400 के साथ गेमचेंजर सौदे S-500 पर भी चर्चा संभव

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ आने वाले प्रतिनिधिमंडल में रक्षा मंत्री आंद्रे बेलौसोव भी भारत आए हैं। सूत्रों ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और बेलौसोव के बीच शाम 5 बजे साउथ ब्लॉक में एक अहम मुलाकात होगी। राजनाथ और बेलौसोव की इस मुलाकात में दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग पर उच्च-स्तरीय चर्चा होगी। इसमें वायु रक्षा, सैन्य तकनीकी सहयोग और भविष्य की संयुक्त परियोजनाओं पर विस्तार से विमर्श किया जाएगा। भारत एस-400 एयर डिफेंस प्रणाली की और खेप खरीदने का इच्छुक है।



सूत्रों ने बताया कि इस दौरान एस-500 पर भी बातचीत हो सकती है। यदि एस-500 पर बात होती है तो यह सौदा दक्षिण एशिया की भू-राजनीतिक तस्वीर बदल सकता है। इससे भारत को चीन और पाकिस्तान पर निर्णायक रणनीतिक बढ़त हासिल हो जाएगी। राजनाथ से मुलाकात से पहले बेलौसोव को सेना के तीनों अंगों की साझा टुकड़ी सलामी देगी। बेलौसोव एक अर्थशास्त्री हैं। पश्चिमी देशों के तमाम प्रतिबंधों और यूक्रेन से चलते लंबे युद्ध के बावजूद रूस की अर्थव्यवस्था पटरी पर बनाए रखने का श्रेय बेलौसोव को दिया जाता है।

ऑपरेशन सिंदूर में रही कारगर

मई में पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर में एस-400 ने सैंकड़ों किलोमीटर अंदर पाकिस्तान के कई

Bihar

## शादी में रसगुल्ला को लेकर बवाल... दूल्हा और दुल्हन पक्ष भिड़े, जमकर चलीं कुर्सियां



**गया, (एजेंसी)** बिहार के गया में हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है. यहां शादी समारोह में 'रसगुल्ला' को लेकर दूल्हा और दुल्हन पक्ष के लोगों के बीच जमकर मारपीट हो गई. पूरा घटनाक्रम होटल में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया, जिसका वीडियो वायरल हो रहा है. घटना के बाद दुल्हन पक्ष शादी करने से इंकार कर रहा है, जिससे दोनों परिवारों में तनाव बना हुआ है.

मामला बोधगया के एक होटल का है. यहां 29 नवंबर 2025 को शादी समारोह था. दुल्हन पक्ष के लोग होटल में पहले से ठहरे थे, जबकि हथियारा गांव से दूल्हा बारात लेकर पहुंचा था. शादी की रस्में शुरू होने ही वाली थीं कि खाने के काउंटर पर अचानक विवाद खड़ा हो गया.

मिठाई खासकर रसगुल्ला की मात्रा कम होने पर दुल्हन पक्ष के लोगों ने आपत्ति जताई. देखते ही देखते मामूली कहासुनी बड़ी बहस में बदल गई. विवाद इतना बढ़ा कि लोग हाथापाई पर उतर आए और फिर कुर्सियां, बर्तन और जो भी हाथ में आया, उसी से एक-दूसरे पर हमला करने लगे.

मौके पर चीख-पुकार मच गई और शादी का माहौल पूरी तरह बिगड़ गया. पूरी घटना होटल में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई. वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि रसगुल्ला को लेकर शुरू हुआ विवाद कैसे बड़े झगड़े में बदल गया. अब यह फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल है.

Chhattisgarh

## छत्तीसगढ़ में 12 नक्सली ढेर, 3 जवान शहीद

**बीजापुर, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ में दंतेवाड़ा-बीजापुर बॉर्डर पर जवानों ने 12 नक्सलियों को मार गिराया है। इनमें डिविजनल कमेटी मेंबर (DVCM) वेल्ला मोडियम शामिल है। सभी के शव बरामद कर लिए गए हैं। मारे गए नक्सलियों की संख्या बढ़ सकती है। इस एनकाउंटर में DRG के 3 जवान शहीद और 2 घायल हो गए हैं। बस्तर रेंज के IG सुंदरराज पी. ने पुष्टि की है। बस्तर रेंज के IG सुंदरराज पी. ने बताया कि एनकाउंटर में बीजापुर DRG के जवान हेड कॉन्स्टेबल मोनू वडारी, रमेश सोड़ी और कॉन्स्टेबल दुकारू गोंडे शहीद हो गए। गंगालूर थाना इलाके के जंगलों में जवानों की टीम लगातार सर्चिंग कर रही है। SP जितेंद्र यादव ने बताया कि DRG, STF, COBRA और CRPF की जॉइंट टीम बुधवार सुबह 9 बजे से बीजापुर-दंतेवाड़ा बॉर्डर के वेस्ट बस्तर डिवीजन इलाके में सर्च ऑपरेशन पर थी। जंगल में सर्च ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों ने अचानक फायरिंग शुरू की। जवाबी कार्रवाई में नक्सली मारे गए।

Uttarpradesh

## हाईवे किनारे खड़ी डीसीएम में घुसी कार, चार डॉक्टरों की मौत; स्विफ्ट के उड़ गए परखच्चे

**मुरादाबाद, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले में दर्दनाक हादसा हुआ है। अमरोहा में नेशनल हाईवे पर बुधवार की देर रात भीषण हादसा हो गया। हाईवे किनारे खड़ी डीसीएम में पीछे से तेज रफ्तार कार घुस गई। कार सवार श्री वेंकटेश्वर यूनिवर्सिटी के चार छात्रों की मौत हो गई। जान गंवाने वालों में एक दिल्ली तो दूसरा त्रिपुरा का छात्र भी शामिल हैं। सभी छात्र एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर चुके हैं।

यह हादसा रजबपुर थाना क्षेत्र में अतरासी को जाने वाली सर्विस रोड के पास हुआ। रात करीब 9 बजे फोम के गद्दों से भरी डीसीएम हाईवे किनारे खड़ी थी। तभी गजरौला की तरफ से दिल्ली नंबर की स्विफ्ट डिजायर कार हाईवे किनारे खड़ी इस डीसीएम में घुस गई।

हादसा इतना भीषण हुआ कि कार के परखच्चे उड़ गए। तेज धमाका होने के बाद हादसा स्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। हाईवे पर जाम के हालात बन गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और डीसीएम में फंसी कार को ट्रैक्टर से खींच कर निकला गया।

कार में सवार चारों छात्र लोग बुरी तरह फंस गए थे। पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार को काटकर छात्रों के शव बाहर निकाले और पोस्टमार्टम हाउस भिजवाया। डीसीएम का चालक मौके से भाग गया। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने भी हादसे स्थल का मुआयना किया।

जानकारी मिलते श्री वेंकटेश्वरा यूनिवर्सिटी के प्रतिकुलाधिपति राजीव त्यागी भी मौके पर पहुंच गए। इस दौरान एक छात्र की पहचान आयुष शर्मा पुत्र महेश शर्मा निवासी द्वारका दिल्ली सेक्टर 16 के रूप में हुई।

खेल

# साउथ अफ्रीका की विदेश में सबसे बड़ी जीत, 358 रन बनाकर भी हारी टीम इंडिया

## बेकार गए विराट-रुतुराज के शतक

**रायपुर, (एजेंसी)** भारतीय क्रिकेट टीम को साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरे वनडे मुकाबले में 4 विकेट से हार का सामना करना पड़ा है। इस मैच में भले ही टीम इंडिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 358 रन बोर्ड पर लगाए, लेकिन इसके बावजूद भी भारतीय गेंदबाज मैच को बचा नहीं पाए और आखिरी ओवर में ही साउथ अफ्रीका की टीम जीत गई। साउथ अफ्रीका की जीत के हीरो एडेन मार्करम रहे, जिन्होंने 110 रन की मैच जिताऊ पारी खेली। चेज करते हुए विदेश में यह साउथ अफ्रीका की सबसे बड़ी जीत है। वहीं यह टीम इंडिया की साल 2025 में घर में पहली वनडे हार भी है।



भारतीय टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 358 रन जरूर बनाए थे, लेकिन एडेन मार्करम की शतकीय पारी से टीम इंडिया मैच में पिछड़ गई। मार्करम के अलावा मैथ्यू ब्रीट्जके ने भी 68 रन की पारी खेली। इसके अलावा डेवाल्ड ब्रेविस ने 54 और टेम्बा बावुमा ने 46 रन की पारी खेली। भारत के लिए अर्शदीप सिंह और प्रसिद्ध कृष्णा ने 2-2 विकेट जरूर लिए, लेकिन इस मैच में ज्यादातर गेंदबाजों को मार ही पड़ी है।

विराट कोहली के लगातार दूसरे शतक और रुतुराज गायकवाड़ के करियर के पहले शतक से भारत ने बुधवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पांच विकेट पर 358 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया था। कोहली (102 रन, 93 गेंद, सात चौके, दो छक्के) और गायकवाड़ (105 रन, 83 गेंद, 12 चौके, दो छक्के) ने शतक जड़ने के अलावा तीसरे विकेट के लिए 195 रन की सझेदारी भी की जो दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे इंटरनेशनल में इस विकेट की भारत की सबसे बड़ी साझेदारी है।

कप्तान केएल राहुल ने भी अंतिम ओवरों में 43 गेंद में छह चौकों और दो छक्कों से नाबाद 66 रन की उम्दा पारी खेली। भारत को एक बार फिर टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी का मौका मिला। टीम की शुरुआत खराब रही। रोहित शर्मा (14) ने नांद्रे बर्गर के पांचवें ओवर में लगातार तीन चौके मारे लेकिन इसी ओवर में विकेटकीपर क्विंटन डिकॉक को कैच दे बैठे। यशस्वी जायसवाल (22) ने अच्छी शुरुआत की लेकिन मार्को यानसेन (63 रन पर दो विकेट) की उछाल लेती गेंद को हवा में लहराकर स्क्वायर लेग पर कोर्बिन बॉश के हाथों लपके गए।

सिनेमा

## अक्षय कुमार की फिल्म से भगनानी परिवार को हुआ फाइनेंशियली नुकसान? एक्ट्रेस रकुल प्रीत ने तोड़ी चुप्पी



फिल्म प्रोड्यूसर वाशु भगनानी और जैकी भगनानी की फिल्म प्रोडक्शन कंपनी पूजा एंटरटेनमेंट को 2024 में फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' के बॉक्स-ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप होने के बाद काफी फाइनेंशियल नुकसान हुआ. फिल्म के खराब परफॉर्मेंस के बाद कई ऐसी खबरें आईं जिनसे पता चला कि कंपनी फाइनेंशियल परेशानी में है. अब इस पर एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने रिएक्शन दिया है. दरअसल ये अफवाह थी कि कंपनी ने लोन नहीं चुकाया है. इसके अलावा कंपनी से बड़े पैमाने पर स्टाफ की छंटनी की गई है, और यहां तक कि यह भी कहा गया कि बैनर बंद होने की कगार पर है. बढ़ती अटकलों को देखते हुए जैकी भगनानी की पत्नी और एक्ट्रेस रकुल ने इन खबरों पर बात की है. रकुल प्रीत सिंह ने BMCM के फेल होने के बाद जैकी की फाइनेंशियल दिक्कतों की अफवाहों पर ह्यूमन्स ऑफ बॉम्बे से बात करते हुए कहा, 'मौजूदा डिजिटल माहौल में गलत जानकारी कितनी तेजी से फैल सकती है. सनसनीखेज हेडलाइन अक्सर सच्चाई को दबा देती हैं. हम एक क्लिकबेट कल्चर में हैं. लोग हमेशा सही जानकारी नहीं देते हैं, और सनसनीखेज खबरें सबसे तेजी से फैलती हैं.'

## Highlights

1. Install emission monitors by Dec 31 or face closure: Govt to Delhi-NCR industries
2. Is Congress planning to destroy Hinduism?: Trivedi to Telangana CM
3. MP asks if mosque stops Kolkata airport runway's use, govt replies
4. Modi govt signed death warrant for Aravallis: Sonia on forest laws
5. Tata Group donates ₹758 crore to BJP, weeks after approval for semiconductor units: Report

# Rupee hits fresh record low of 90.42/Dollar ahead of RBI monetary policy



**NEW DELHI, (Agency).** The Indian Rupee has slipped to another record low against the US Dollar, a day before the Reserve Bank of India spells out its latest monetary policy decision.

The rupee weakened to 90.42 against the US dollar, eclipsing its previous all-time low of 90.29 hit on Wednesday, as foreign investors continued to pull out of local stocks in the absence of a India-US trade deal. The rupee is one of Asia's worst performers, having fallen more than 5% against the dollar year-to-date, as steep US tariffs of up to 50% on Indian goods hurt exports to its biggest market. On Wednesday, the rupee breached the 90-a-dollar level for the first time to settle at a fresh all-time low of 90.15 against the greenback. Meanwhile, Chief Economic Adviser V Anantha Nageswaran on Wednesday said the falling rupee is not affecting inflation or exports. A falling rupee helps outward shipment but makes imports costlier. Import-dependent sectors such as gems and jewellery, petroleum and electronics may see lower benefits due to a rise in input costs, putting pressure on inflationary expectations, he said at an event on Wednesday.

# Ola Electric initiates a service reboot amid a sales problem

**NEW DELHI, (Agency).** Ola Electric Mobility Ltd. has initiated a service reboot to address after-sales woes of a shrinking customer base.

The company led by billionaire Bhavish Aggarwal is deploying a 250-member rapid-response team across the country to clear service backlogs and stabilise customer support, PTI reported on Wednesday, citing sources. HT.com hasn't independently verify the news.

The team includes technicians as well as operational specialists led by the core leadership team. They will clear pending repairs and improve the availability of



spare parts. The taskforce is coordinating with service centres to address all kinds of delays—from battery replacement to routine repairs. Internal targets have been set to dramatically reduce wait times.

According to Aggarwal's social media posts, he too is involved on the ground.

Ola Electric has a Service Problem

Ola Electric's service woes first cropped up in September last year after more than 1 lakh complaints were registered with the Central Consumer Protection Authority. Complaints ranged from malfunctioning hardware to glitching software. That resulted in a pile-up and backlog.

The company did try to address the problem by expanding its sales and service network in December 2024. Later, it shut some service centres and regional warehouses as part of a restructuring and shift in service strategy. The key changes incuded:

# ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक

## सलाह -मार्गदर्शन हेतु सम्पर्क करें

### "एक सलाहकार और शुभचिंतक"

**।। बाबापण्डित ।।**

**(अनुष्ठानिक कार्य एवं हरिकथा प्रेमी)**

आपकी परिस्थितियों को समझते हुए मेरी एक अनुष्ठानिक प्रयोग की सलाह आपकी पीड़ा / समस्या के समाधान में सहायक हो सकती है।

### - कतिपय अनुष्ठान प्रयोग -

*एक दिवसीय महागणपति एवं आदिदेवभास्कर अभिसिंचन अनुष्ठान*

*एकदिवसीय अष्टमहालक्ष्मी विनायक अनुष्ठान*

*एकदिवसीय महादेवरुद्र स्तवन अनुष्ठान*

*एकदिवसीय हनुमंतवंदन- वाल्मीक सुंदरकांड अनुष्ठान*

*त्रिदिवसीय सत्यनारायण पूजनकथा - हरिकथा अनुष्ठान*

इसके अन्यत्र यजमान की समस्या की भूमिका एवं प्रकृतिनुसार अन्य वैदिक/शास्त्रोक्त अनुष्ठानों का भी प्रयोग समस्या निवारण में किया जा सकता है।

**कृपया अपनी जिज्ञासा/समाधान हेतु संपर्क करे।**

**Email - babapandit.in@gmail.com**


स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।

इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक